बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना – 800001

आवश्यक सूचना

विज्ञापन संख्या 50/2014 के अन्तर्गत बिहार राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं अंगीभूत महाविद्यालयों में **हिन्दी** विषय में सहायक प्राचार्य के पदों पर नियुक्ति हेतु अर्हित उम्मीदवारों में से नियमानुसार आरक्षण कोटिवार एवं मेधाक्रमानुसार चयनित उम्मीदवारों का कोटिवार मेधा कट–ऑफ अंक आयोग के वेबसाईट पर अपलोड करते हुए साक्षात्कार कार्यक्रम भी अपलोड कर दिया गया है। साक्षात्कार दिनांक – 29.05.2018 से निर्धारित है।

वैसे अभ्यर्थी जिन्हें उक्त कट–ऑफ के समतुल्य अथवा उससे अधिक अंक होने का दावा हो तथा जिन्हें साक्षात्कार के लिए आमंत्रित नहीं किया गया है, से अपनी अधिभार अंकों की गणना तालिका के साथ अपना आपत्ति अभ्यावेदन मात्र e-mail: bpscpat-bih@nic.in से दिनांक– 25.05.2018 तक भेज सकते हैं। दिनांक– 25.05.2018 के बाद प्राप्त आपत्ति अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

जिन अभ्यर्थियों के द्वारा Ph.D/M.Phil With UGC Regulation 2009 का दावा किया गया है उन्हें विशेष रूप से निर्देश दिया जाता है कि वे अपने–अपने विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार के हस्ताक्षर से निर्गत Pre Ph.D अंकपत्र एवं Ph.D/M.Phil कितने और किन–किन Criteria से उत्तीर्ण है, से सम्बंधित प्रमाणपत्र समर्पित करेंगे। उक्त प्रमाणपत्र समर्पित नहीं करने वाले अभ्यर्थी को Ph.D/ M.Phil Without 2009 माना जाएगा।

यह भी स्पष्ट किया जाता है कि साक्षात्कार के लिए आमंत्रित सभी अभ्यर्थियों की अर्हता पूर्णतः औपबंधिक है। उनकी अर्हता पर यथासमय समीक्षा कर यथोचित निर्णय लेने हेतु आयोग स्वतंत्र रहेगा।

15.5.18

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना